Email Id- eecdchandauli170@gmail.com

# उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ.प्र.जल निगम(ग्रामीण),
पं०दी०द०उ०न०—चन्दौली

पत्रांक 5815 / पेपर कटिंग / 207 दिनांक 04.08.2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
जनपद—चन्दौली।

**विषयः— दैनिक समाचार पत्र ''अमर उजाला'' में प्रकाशित खबर ''परियोजनाओं की धीमी गति पर नाराज दिखे डीएम, दी चेतावनी'' के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम की "हर घर जल" योजना के अन्तर्गत जनपद—चंदौली के 734 नग ग्राम पंचायतों के 1498 नग राजस्व ग्रामों में 500 नग डीपीआर बनाया जाना प्रस्तावित है, जिनमे से 734 नग ग्राम पंचायतों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर समस्त 500 नग डीपीआर तैयार की जा चुकी है एवं उपरोक्त समस्त डीपीआर जिला पेजयल एवं स्वच्छता समिति से संस्तुति के उपरान्त राज्य पेजयल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है। 500 नग पेजयल योजनाओं पर निर्माण कार्य प्रारंभ कराते हुए 284094 नग FHTC के सापेक्ष 268198 (94.40%) नग FHTC एवं 8151 KM वितरण प्रणाली के सापेक्ष 7464 कि.मी. वितरण प्रणाली का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, अवशेष कार्य प्रगति पर है।

**सादर सूचनार्थ प्रेषित।**

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

DEO PS SWSM CHANDAULI

# Chandauli News: परियोजनाओं की धीमी गति पर नाराज दिखे डीएम, दी चेतावनी




चंदौली। जिले में निर्माणाधीन विकास परियोजनाओं की धीमी गति पर जिलाधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने 50 लाख रुपये से अधिक लागत वाली परियोजनाओं समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। चेतावनी दी कि लापरवाही और अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी कार्यदायी संस्थाओं और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अंतिम चरण में पहुंच चुकी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कर संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया जाए, ताकि आम जनता को उनका लाभ मिल सके। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के कार्यों में तेजी लाने तथा आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रोजेक्ट अलंकार और विधायक निधि से स्वीकृत कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर जोर दिया।

विज्ञापन